# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2020

दिनांक :..........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

## नोटिस

सूच्य है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2020 का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम में छात्र/छात्राओं का आवंटन किये जाने के लिए आवंटित सीटों के विवरण सहित महाविद्यालयों की सूची प्रेषित की जानी है। सूची प्रेषित किये जाने के समय आवंटित सीटों के अनुरूप मानकानुसार शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य है, जैसा कि पूर्व में भी विभिन्न कार्यालय ज्ञापों व अन्य माध्यमों से निर्देशित किया जाता रहा है। विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम के अनुमोदित/कार्यरत प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची **कार्यालय ज्ञाप संख्या : 6870–72, दिनांक 16.03.2020 एवं नोटिस संख्या : एएफ/10039–41, दिनांक 19.06.2020** के द्वारा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

**अतः पूर्व प्रेषित पत्रों दिनांक 16.03.2020 एवं दिनांक 19.06.2020 के कम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा उक्त सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है वे निम्न प्रारूप पर स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम में कार्यरत शिक्षकों का विवरण इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से 03 दिवस के अन्दर विशेष वाहक अथवा ई–मेल : "registrar@lkouniv.ac.in" उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा कि स्थिति में काउन्सिलिंग हेतु सूची में महाविद्यालय का नाम प्रेषित किये जाने पर विचार नहीं किया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा :–**

| कमांक | पाठ्यकम का नाम | कार्यरत शिक्षकों का नाम | अनुमोदित/अनानुमोदित | आधार कार्ड नं0 | पैन कार्ड नं0 | अनुमोदन पत्र संख्या व दिनांक | कार्यभार ग्रहण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF/12473–75 दिनांक : 18/08/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. प्रबन्धक, समस्त समस्त बी0एड0 सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव